आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत की युवा शक्ति जल्द ही देश को विकसित राष्ट्र बनाएगी।
- देहरादून में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में निवेश, पर्यटन, कौशल विकास और कृषि क्षेत्र में संभावनाओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया।
- मतदान के प्रति जागरूककता बढ़ाने के उद्देश्य से "स्वस्थ मतदाता–स्वस्थ लोकतंत्र" थीम पर देहरादून में दस किलोमीटर दौड़ आयोजित की गई।
- राज्य में बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट, आज मौसम साफ रहने की उम्मीद।

विकसित भारत युवा नेता संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही देश को विकसित राष्ट्र बनाएगी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के अवसर पर उन्होंने य़ह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें नई पीढ़ी पर विश्वास है और वह सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत वह होगा जो आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ रही है।
शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिन के विकसित भारत युवा नेता संवाद ने युवाओं को विकसित भारत के लिए समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार युवा नेताओं से बातचीत की।

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

देहरादून में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में निवेश, पर्यटन, कौशल विकास और कृषि क्षेत्र में संभावनाओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। देर शाम तक चले चार सत्रों में हुए इस आयोजन में विशेषज्ञों ने प्रदेश को हर क्षेत्र में संभावनाओं से भरपूर बताते हुए निवेश के लिए उत्साहजनक पहल करने की बात कही। इस दौरान थाईलैंड के ब्रॉस्टेन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. एके काला ने उत्तराखंड में ऑयल और गैस उपकरण उत्पादन इकाई स्थापित करने की योजना साझा की। उन्होंने गांवों के पुनर्वास और जरूरतमंद महिलाओं के लिए भी मदद की घोषणा की। सिंगापुर से आईं मंडला ग्लोबल की संस्थापक मीनाक्षी अरोड़ा डबराल ने उत्तराखंडी महिला उद्यमियों के उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहुंचाने की बात कही।

इस दौरान पर्यटन विशेषज्ञों ने देवभूमि को साहसिक पर्यटन, होमस्टे और ग्लैंपिंग के लिए आदर्श बताते हुए एस्टो टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर दिया। ताज ग्रुप के महाप्रबंधक मनोज मिश्रा ने सतत विकास और स्थानीय रोजगार के लिए प्रतिबद्धता जताई।

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन – 2

सम्मेलन के दौरान एक सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य में जैविक खेती को पचास प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। मिलेट्स के लिए उत्तराखंड की अनुकूल स्थिति को रेखांकित करते हुए उन्होंने उत्पादन को दोगुना करने की दिशा में कार्य करने की योजना बताई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर और उससे जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। यूएई से आए प्रवासी गिरीश पंत ने विदेशी नियमों की जानकारी देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही कौशल विकास विभाग ने जापान और जर्मनी में रोजगार प्रशिक्षण की जानकारी दी। आयोजन के अंत में प्रवासी उत्तराखंडियों और विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। माना जा रहा है कि यह सम्मेलन उत्तराखंड के विकास के लिए नए रास्ते खोलेगा और राज्य के युवाओं और उद्यमियों को नई प्रेरणा देगा।

मतदान जागरूकता

प्रदेश में नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से "स्वस्थ मतदाता–स्वस्थ लोकतंत्र" थीम पर देहरादून के हाथीबड़कला स्थित सर्वे स्टेडियम में 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना, आईटीबीपी, उत्तराखंड पुलिस और विभिन्न संस्थानों से जुड़े एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सर्वे स्टेडियम से शुरू होकर न्यू कैंट रोड होते हुए महिंद्रा ग्राउंड का चक्कर लगाकर दौड़ पूरी की। दौड़ का आयोजन चार श्रेणियों में किया गया और इसके विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह दौड़ 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ी गतिविधियों का हिस्सा है। उन्होंने मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल बारिश और बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के ऊंचाई वाले हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर हुई बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले हिस्सों सहित राज्य के उच्च हिमालयी हिस्सों में ताजा हिमपात हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में आज मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में धूप खिली रहेगी। हालांकि विभाग का मानना है कि सोलह जनवरी को मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा और राज्य के अनेक हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी होगी।

इधर, विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा केन्द्र औली एक बार फिर बर्फ से लकदक हो गई है। बर्फबारी के बाद स्कीइंग सीखने के इच्छुक पर्यटक भी प्रशिक्षण मे लिए जीएमवीएन से लगातार संपर्क कर रहे हैं। वर्तमान में औली में सात व चौदह दिवसीय स्कीइंग कोर्स संचालित किये जा रहे हैं।

<u>वनाग्नि</u>

चमोली जिले में वनाग्नि को रोकने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने वनाग्नि को लेकर चल रहे तीन दिवसीय विशेष जागरूकता प्रशिक्षण में यह बात कही। वनाग्नि रोकथाम के लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जंगलों मे लगने वाली आग की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना और ऐसी घटनाओं पर प्रतिक्रिया समय को कम करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि चमोली चारधाम यात्रा का एक महत्वपूर्ण पडाव हैं और वनाग्नि की घटनाओं से जिले में पर्यटन और आर्थिकी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगाने वाले अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही कारावास जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि वनाग्नि घटनाओं को रोकने के लिये जिला प्रशासन की ओर से वन पंचायत सरपंच, ग्राम प्रधान, महिला और युवक मंगल दलों को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

प्रयागराज महाकुंभ आज से शुरू हो रहा है। यह ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण लिखता हैं –144 वर्ष बाद महायोग युक्त महाकुंभ का श्रीगणेश, आज पौष पूर्णिमा का पहला स्नान। नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– अमृत बूंदो के महाकुंभ का शुभारम्भ।

पौडी में हुये बस हादसे को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला लिखता हैं पौडी में बेकाबू होकर खाई मे ंगिरी बस, छह लोगों की मौत। दैनिक जागरण की खबर है– पौडी मे बस 100 मीटर खाई में गिरी, छह की मौत, 22 घायल।

अंतराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन को प्रमुखता देते हुए दैनिक जागरण का शीर्षक है– विनिर्माण समेत कई क्षेत्रों में आगे आएंगे प्रवासी। हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– प्रवासी अपने गांवो को गोद लेकर पलायन दूर करने में करें सहयोग।

उत्तराखंड में पड रही शीतलहर और चोटियो पर हिमपात और निचले इलाकों मे झमाझम बारिश पर दैनिक जागरण लिखता हैं– वर्षा और बर्फबारी से उत्तराखंड में जनजीवन प्रभावित, हाईवे बाधित। इसी खबर पर राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– ऊंची पहाडियों ने ओढी बर्फ की सफेद चादर।